प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

02.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति गहरी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि भारत बातचीत और कूटनीति के माध्यम से सभी विवादों का समाधान करने का पक्षधर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए भारत सभी देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन से भेंट कर राजस्व घाटे को पूरा करने के लिए प्रदेश को विशेष केन्द्रीय सहायता के तहत वित्तीय पैकेज देने की मांग की। उन्होंने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान यानि आर.डी.जी. को बंद करने से प्रदेश की वित्तीय हालत पर दूरगामी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़े राज्य आर.डी.जी. बंद होने से उत्पन्न स्थितियों का सामना करने में सक्षम हैं लेकिन हिमाचल की अर्थव्यवस्था इस स्थिति से निपटने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान ऐसे राज्यों को आर.डी.जी. का प्रावधान करता है जो अपनी राजस्व प्राप्तियों व खर्चों के बीच के अंतर को पाट नहीं सकते। केन्द्रीय वित्त मंत्री ने मुख्यमंत्री की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

किरेन रिजिजू

केन्द्रीय संसदीय कार्य व अल्पसंख्यक मामले मंत्री किरेन रिजिजू हिमाचल के अपने दो दिवसीय दौरे के बाद आज सुबह कांगड़ा के गग्गल हवाई अड्डे से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। उन्होंने अपने दौरे के दौरान चम्बा जिले में अनेक विकास कार्यों के शिलान्यास किए। हवाई अड्डे पर पत्रकारों के सवाल पर किरेन रिजिजू ने कहा कि ईरान और इजरायल में फंसे भारतीयों को सुरक्षित वापिस लाया जाएगा और इसके लिए केन्द्र सरकार ने त्वरित कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान व इजरायल के बीच जारी संघर्ष को देखते हुए इन देशों में फंसे भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाने को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा है कि विदेश मंत्रालय इस स्थिति पर लगातार नज़र बनाए रखे हुए है और मिशन मोड पर कार्य किया जा रहा है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला जिले के कोटखाई इलाके में विभिन्न विकास कार्यों के उदघाटन किए। इनमें कोटखाई में राजस्व रिकार्ड रूम, पशु औषधालय और टाहू कथान्ड़ी पंचायत में नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण भी शामिल है। रोहित ठाकुर ने बताया कि राज्य सरकार ने स्कूलों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए अनेक प्रभावी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कोटखाई के ग्रामीण परिवेश में केन्द्रीय विद्यालय खोलना एक बड़ी उपलब्धि है।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रवेश शुल्क में कई गुना वृद्धि कर लोगों व श्रद्धालुओं पर भारी बोझ डाला है। नाहन में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि माता बालासुंदरी, चिंतपूर्णी, ज्वालाजी और नैनादेवी जैसे मंदिरों में दर्शनों के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को पहले प्रवेश शुल्क देना होगा। बिंदल ने कहा कि भारी–भरकम प्रवेश शुल्क सही नहीं है और इससे पर्यटन पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

राजीव बिंदल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने पंचायती राज चुनाव टालने के लिए भी अदालतों में वकीलों की फीस पर करोड़ों रूपए बर्बाद किए हैं।

हस्तशिल्प मेला

कुल्लू के एतिहासिक ढालपुर मैदान में आज से गांधी शिल्प मेला शुरू हुआ जिसमें देश के लगभग 18 राज्यों के कुशल शिल्पकार हिस्सा ले रहे हैं। इस मेले में हस्तशिल्प व हथकरघा उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने 8 मार्च तक चलने वाले इस शिल्प मेले का शुभारम्भ किया। इस दौरान लोगों को एक ही छत के नीचे देश के विभिन्न राज्यों के हस्तशिल्प उत्पाद खरीदने का मौका मिल रहा है।

____